# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका

## जून 2022




नगर पालिक निगम भिलाई

# स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में विद्यार्थियों के लिए तैयार हो रहा है खेल मैदान, मल्टी एक्टिविटी से निखारेंगे अपनी खेल प्रतिभा

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का निरीक्षण किया उन्होंने 15 जून के पूर्व तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण की तीव्रता के साथ ही गुणवत्ता का भी ध्यान रखें। उन्होंने पूरे कैंपस का निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया। इस दौरान जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, अमिताभ शर्मा, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सुनील दुबे एवं आलोक पसीने तथा उप अभियंता श्वेता महेश्वर मौजूद रहे। सेक्टर छह स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल में बैडमिंटन कोर्ट बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल ग्राउंड तैयार किया जा रहा है बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों का भी लाभ मिलेगा। निगमायुक्त ने कहा कि सभी काम समानांतर करते हुए स्कूल खोलने के पूर्व निर्माण कार्य पूरा कर ले, जो कार्य बारिश पूर्वक किया जा सकता है वह आवश्यक रूप से कर लिया जाए बारिश के दिनों में निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार से बाधा उत्पन्न न हो। नगर निगम भिलाई में 3 शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में भवन रिनोवेशन, निर्माण, खेल सुविधा एवं अन्य आवश्यक कार्य निगमायुक्त प्रकाश सर्वे के निरंतर मानिटरिंग से युद्ध स्तर पर हो रहा है।



# गौठान में मल्टी एक्टिविटी से प्रभावित हुए महापौर नीरज पाल, खुद थामा अगरबत्ती बनाने की मशीन

भिलाई नगर/ एक और जहां शहरी गौठान में महिलाएं अलग-अलग गतिविधियों को अपनाकर आय के स्रोत का जरिया निर्मित कर रही हैं वही अब अलग-अलग व्यवसाय से महिलाओं को रोजगार भी मिल रहा है, महापौर एवं एमआईसी सदस्यों ने महिलाओं के द्वारा निर्मित किए गए उत्पादों की खरीदी की, शहरी गौठान में उत्तम क्वालिटी के प्रोडक्ट तैयार किए जा रहे हैं। महापौर नीरज पाल ने शहरी गौठान का भ्रमण कर महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे प्रोडक्ट्स एवं मल्टी एक्टिविटीज से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने स्वयं अगरबत्ती बनाने की मशीन को आजमाया, कहा कि यह बेहद कारगर व्यवसाय है। इस दौरान निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, एमआईसी सदस्य एवं स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी संदीप निरंकारी, पर्यावरण एवं उद्यान की प्रभारी नेहा साहू, गरीबी उपशमन एवं सामाजिक कल्याण विभाग के प्रभारी चंद्रशेखर गवई, वाहन शाखा के प्रभारी एमआईसी सदस्य लालचंद वर्मा एवं रवि शंकर कुर्रे, निगम के कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा, सहायक अभियंता आर एस राजपूत, उप अभियंता गौरव अग्रवाल, स्व सहायता समूह की महिलाएं सुलोचना धनकर, पूनम साहू, एवं रेखा बघेल आदि मौजूद रहे। महापौर एवं एमआईसी सदस्यों ने मछली पालन, सब्जी उत्पादन, वर्मी कंपोस्ट टैंक, पशुओं के रखरखाव एवं चारा की व्यवस्था, मुर्गी पालन के लिए स्थल एवं गौठान की अन्य गतिविधियां भी देखी।



# महापौर, कलेक्टर एवं आयुक्त ने संयुक्त रूप से ली बीएसपी एवं निगम के अधिकारियों की बैठक

**भिलाई नगर**/ महापौर नीरज पाल, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज बीएसपी तथा निगम के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश में कहीं भी जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो, नाला सफाई के लिए समय का इंतजार ना करें, बारिश से पूर्व सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई पूर्ण करें, इसके लिए 4 से 5 दिनों का टारगेट रखकर कार्य समाप्त करें। बीएसपी के प्रमुख बड़ा नाला की सफाई बारिश पूर्व करने कलेक्टर ने कहा उन्होंने कहा कि जलकुंभी एवं कचरा निकालने का कार्य शीघ्र अति शीघ्र हो, बेक लाइन की अच्छी तरह से सफाई करने भी उन्होंने बीएसपी के अधिकारियों से कहा तथा शुद्ध पेयजल को लेकर अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि लगातार सेंपलिंग लेते रहें और शुद्ध पेयजल प्रदान करने की दिशा में हर संभव प्रयास करें। बाढ़ आपदा एवं जलभराव की स्थिति के लिए टीम हमेशा सतर्क रहे और कहीं भी ऐसी स्थिति निर्मित होने पर तत्काल रुप से राहत कार्य करें। डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए निरंतर कार्य करने के निर्देश उन्होंने दिए हैं। कलेक्टर ने प्रत्येक जोन में पट्टा की समीक्षा की और पात्र हितग्राहियों को शीघ्र पट्टा देने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख रूप से डिप्टी कलेक्टर महेश राजपूत, जागेश्वर कौशल, लवकेश ध्रुव, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, तहसीलदार क्षमा यदु, बीएसपी से श्री झा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, येशा लहरे, मनीष गायकवाड एवं एनआर रत्नेश आदि मौजूद रहे।



## विश्व रक्तदाता दिवस पर भिलाई निगम क्षेत्र में जागरूकता को लेकर हुए विविध आयोजन, नियमित रूप से रक्तदान करने की ली शपथ

भिलाई नगर/ आज नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर, निगम तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विश्व रक्तदाता दिवस पर नियमित रूप से रक्तदान करने, भारत में रक्त की विशाल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह वचन लिया गया कि परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों, सहयोगियों और जनता को नियमित स्वैच्छिक, अवैतनिक रक्तदान तथा इसकी जरूरत के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा, जब भी किसी को रक्त की जरूरत होगी तो अपने खर्चे पर बिना किसी लोग लालच के जाति, धर्म के भेदभाव से मुक्त होकर रक्तदान करेंगे और सतत प्रयास करेंगे कि रक्त की कमी से हमारे आसपास किसी की जान न जाए। इस दौरान प्रमुख रुप से डॉक्टर पीएम सिंह एवं सीपीएम तुषार वर्मा आदि मौजूद रहे कौन कर सकता है रक्तदान इसके बारे में किया गया जागरूक रक्तदान कौन कर सकता है इसके बारे में ब्लड बैंक के रोशन सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी शख्स जिसकी उम्र 18 से 65 साल के बीच है, डोनर का हीमोग्लोबिन 12.5 जीएम/डीएल से ज्यादा हो, पुरुष हर 3 महीने में रक्तदान कर सकते हैं और महिलाएं हर 4 महीने में रक्तदान कर सकती है, वजन 50 किलोग्राम से कम नहीं होना चाहिए।



# सेक्टर 2 तालाब और भी होगा आकर्षक, हजारों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा हुआ तालाब का होगा कायाकल्प

भिलाई नगर/ विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने आज सेक्टर 2 तालाब एवं खुर्सीपार में निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम का जायजा लिया। इंडोर स्टेडियम के निर्माण को गुणवत्ता पूर्वक करते हुए शीघ्र अति शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए है। इंदौर स्टेडियम के निर्माण से खिलाड़ियों को चाहे गर्मी हो या बारिश हो दिन हो या रात उन्हें अपने खेल अभ्यास को निखारने का मौका मिलेगा और एक बेहतर प्लेटफार्म खिलाड़ियों को मिलेगा। सेक्टर 2 तालाब में सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल की मंशा अनुरूप सेक्टर 2 तालाब का सौंदर्यीकरण करने का कार्य किया गया है, जो कार्य शेष रह गए है उन्हे भी पूरा किया जाएगा। विधायक और महापौर ने आज तालाब पहुंचकर होने वाले विकास कार्यों के लिए ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन कर कार्ययोजना को मूर्त रूप देने के निर्देश दिए। सेक्टर 2 तालाब में छठ पर्व पर भक्तों का ताता लगता है, आस्था के इस पर्व में जन सैलाब उमड़ पड़ता है। इस तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य किए जाने की आवश्यकता को देखते हुए महापौर परिषद ने इसकी स्वीकृति प्रदान की है। सौंदर्यीकरण के तहत हाई मास्क लाइट, पेवर ब्लॉक, कुंड निर्माण, प्लांटेशन, बोरिंग एवं ब्यूटीफिकेशन के कार्य सहित अन्य काम किए जाएंगे।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सत् विजय ऑडिटोरियम में महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे सहित महापौर परिषद के सदस्य

भिलाई नगर/ सत विजय ऑडिटोरियम सेक्टर 5 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, जिला अध्यक्ष भिलाई शहर कांग्रेस कमेटी मुकेश चंद्राकर सहित महापौर परिषद के सदस्य एवं निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। प्रशिक्षित योग गुरु के माध्यम से सभी ने प्रार्थना से योग की शुरुआत की और विभिन्न मुद्राओं में योग किया। महापौर ने भिलाई वासियों को योग दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी तथा योग को नियमित दिनचर्या में अपनाने की अपील भी की। महापौर ने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मन की एकाग्रता बढ़ती है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा को भी बल देती है। योग दिवस के अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य सीज़ू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गवई, नेहा साहू, मालती ठाकुर एवं अन्य पार्षद गण सहित गणमान्य नागरिक तथा जोन आयुक्त एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इससे पूर्व महापौर नीरज पाल ने योग प्रशिक्षक को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिवादन किया वही निगम आयुक्त ने भी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महापौर को स्मृति चिन्ह भेट किया।



# निगम क्षेत्र में बनेगा भिलाई बिजनेस टॉवर

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जी.ई. रोड के किनारे संजय नगर सुपेला में वर्क नियर होम के उद्देश्य को लेकर भव्य भिलाई बिजनेस टॉवर का निर्माण करने की महापौर परिषद द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर शहर के विकास में एक नये अध्याय कि शुरूवात की है। महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। भवन का निर्माण 160.68 करोड़ की कुल लागत से होगा। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भवन की विशेषताओ को समझने के उपरांत परिषद द्वारा प्रस्ताव पर सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। प्रस्ताव को सामान्य सभा एवं राज्य शासन को भी प्रेषित किया जायेगा।

बैठक में कुल 10 प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये, जिनमें से विकास कार्य हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर पुनः निविदा आमंत्रित किये जाने की अनुमति प्रदान की गई। वहीं सुरक्षा गार्ड की भर्ती के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर औचित्य के साथ प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये गये है। बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, एकांश बंछोर, सी.जू एन्थोनी, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, लाभचंद वर्मा, चन्द्रशेखर गंवई, श्रीमती मालती ठाकुर, रीता गेरा, नेहा साहू, मिरा बंजारे सहित उपायुक्त रमाकांत साहू, जोन आयुक्त ऐशा लहरे, एन.आर.रत्नेश, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, टी.पी. रणंदिवे, संजय बागड़े, परियोजना के अजय गौर, निगम सचिव जीवन वर्मा उपस्थित थे।



# शहीद पार्क में बनेगा प्रदेश का पहला ऑक्सीरिडिंग जोन

भिलाई नगर/ भिलाईवासियों को जल्द ही ऑक्सीरिडिंग जोन की सौगात मिलने वाली है इसके लिए विधायक एवं महापौर ने भूमिपूजन कर ऑक्सीरिडिंग जोन के निर्माण के लिए नींव रखी। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 05 में विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज की पहल से बनने वाला परिसर प्रदेश में बने अन्य लाईब्रेरी से हटकर होगा, गार्डन के हरे भरे वातावरण के बीच पूर्णतः वातानुकुलित माहौल में पढ़ाई करने का माहौल रहेगा। एजुकेशन हब के रूप में भिलाई की पहचान में इस यूनिक रिडिंग जोन के बनने से भिलाई के गौरव में एक और सितारा जुड़ेगा। सेक्टर 05 के शहीद गार्डन में बनने वाले ऑक्सीरिडिंग जोन के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन हुआ जहां वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा इसकी घोषणा गई थी अमल करने आज भूमिपूजन किया गया, प्रदेश में यूनिक तरह से बनने वाले ऑक्सीरिडिंग जोन में पढ़ाई के लिए अनुकुल माहौल मिलेगा जहां शहर के साथ अन्य जिले या प्रदेश के बाहर से आकर हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वालों के लिए बेहद कारगार साबित होगा। कार्यक्रम में निगम के पीडब्ल्यूडी प्रभारी एकांश बंछोर, एमआईसी सदस्य रीता सिंह गेरा, नरसिंग नाथ, महापौर के निज सचिव वसीम खान, निगम के कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, उप अभियंता श्वेता महेश्वर उपस्थित थे।



# निगम की जमीन पर कर रहा था अवैध कब्जा एवं निर्माण, निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने हटाया

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत बैकुंठ धाम मंदिर के समीप पानी टंकी के पास पूर्व दिशा में निगम की खाली जमीन पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा कब्जा किया जा रहा था, लगभग 500 स्क्वायर फीट की जमीन पर अवैध कब्जे की नियत से पोल एवं तार से जगह को घेर दिया गया था तथा बीच में चबूतरा का निर्माण किया जा रहा था। निगम के अधिकारियों को जैसे ही इसकी खबर लगी वह मौके पर पहुंचे और फेंसिंग को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त किया। यह जमीन मदर टैरेसा नगर आवासीय योजना की भूमि है। जिस पर अवैध कब्जा कर, अवैध निर्माण की तैयारी की जा रही थी। इसके आसपास सैकड़ों एकड़ जमीन खाली है, यह निगम की रिक्त भूमि है। निगम इसे सुरक्षित रखने के लिए लगातार मॉनिटरिंग करती है। भू माफियाओं से भूखंड को बचाने समय-समय पर निगम कार्रवाई करती आ रही है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के निर्देश पर आज के कार्रवाई के दौरान बालकृष्ण नायडू एवं मलखान सिंह सोरी आदि मौके पर मौजूद रहे। वही एक जेसीबी एवं एक डंपर के माध्यम से कार्रवाई को अंजाम दिया गया। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने अवैध प्लाटिंग, अवैध अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा तथा अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दे रखे हैं। इसी तारतम्य में कार्रवाई की जा रही है। इधर नालियों से अतिक्रमण हटाकर नाली सफाई का अभियान भी जारी है।



# निगम प्रशासन ने 8 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाई नगर / 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के 8 कर्मचारियों को गुरूवार को ससम्मान विदाई दी गई। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी एवं एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी एवं उपायुक्त रामकांत साहू ने कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में श्री राजकुमार साहू पिता स्व. सदाशिव साहू उपअभियंता जोन 03, श्रीमती तुलसीवृन्दा देवांगन पति श्री के.एल. देवांगन कार्यालय अधीक्षक मुख्य कार्यालय, श्रीमती संध्या कोरडे आत्मज स्व. व्ही.आर. डबीर सहायक ग्रेड 02 जोन 03, श्री सुरेश मिसार पिता श्री गोरेलाल मिसार सहायक राजस्व निरीक्षक जोन 01, श्री हेमन्त कुमार वर्मा पिता श्री नकुलराम मोटर मैकेनिक वाहन शाखा, श्री चंदनपुरी गोस्वामी पिता स्व. अमोलपुरी गोस्वामी मोटर मैकेनिक वाहन शाखा, श्री गोकुल प्रसाद वर्मा पिता स्व. प्यारेलाल वर्मा पम्प सहायक जोन 02, श्री आर.मालकोंडइया आत्मज श्री आर. कोंडाइया सफाई कामगार जोन 01 को उनके परिवार की उपस्थिति में विदाई गई। इस मौके पर भिलाई निगम प्रशासन के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं कर्मचारी संघ के सदस्य सहित सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के परिजन भी उपस्थित रहे।




**Editorial Board**

**श्री लोकेश चंद्राकर**
रा.प्र.से.
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**Contact & Address**

**श्री पी.सी सार्वा**
**जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**